Date: 24.06.2024

To,

National Stock Exchange of India Ltd,

Exchange Plaza, Plot No.C-1,

G Block, Bandra Kurla Complex,

Bandra (East), Mumbai – 400053

NSE Symbol: URBAN

ISIN: INE0O0201019

Sub: Newspaper Advertisements

Dear Sir/ Madam,

This is to inform you about the recent developments and milestones achieved in relation to Shri Amarnath Ji Yatra-2024. We have enclosed herewith the newspaper cuttings for the same.

A significant milestone in this journey was reached on June 22, 2024, when the Yatra anthem, Yatra website, logo, and app were officially launched by the Honourable Lieutenant Governor Shri Manoj Sinha at Raj Bhavan, Srinagar. This event was graced by Ms. Anoo Malhotra, Director General of DRS, Mandeep Bhandari (IAS), CEO of Shri Amarnath Shrine Board and Principal Secretary to LG, J&K, Shabir Khan, Director of Rural Development Department, Kashmir, J&K, and Mr. Kamlesh Sharma, Managing Director of Urban Enviro Waste Management Limited.

Kindly take the same on your record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For URBAN ENVIRO WASTE MANAGEMENT LIMITED

SHRADDHA KIRAN KULKARNI

Digitally signed by SHRADDHA KIRAN KULKARNI
Date: 2024.06.24 12:12:36 +05'30'

(Shraddha Kulkarni)

Company Secretary & Compliance Officer

Times of India dated 23.06.2024

City firm to manage waste at Amarnath Yatra this year

TIMES NEWS NETWORK

Nagpur: Urban Enviro Waste Management Limited (UEWML), a Nagpur-based company listed on the NSE, has been awarded the contract for collection, transportation, processing, and disposal of solid waste for the Amarnath Yatra 2024.

"With a team of around 700 workers, Urban Enviro Waste Management Limited aims to achieve sustainable waste management and zero landfill, ensuring a clean and hygienic environment on both the Baltal and Pahalgam routes," managing director of the firm, Kamlesh Sharma told **TOI**.

The company would provide essential facilities to pilgrims, raising awareness about waste management and environmental sustainability. "We consider it a great honour and a blessing from Baba Amarnath to be given this opportunity to serve the pilgrims. Our dedicated team is working tirelessly, day and night, to provide the best possible facilities to yatris," said Sharma.

On Saturday, the yatra anthem, logo, website and apps were launched by LG Manoj Sinha and others at Raj Bhavan, Srinagar. Anoo Malhotra, director general of DRS, the CEO of the Amarnath Yatra Shrine Board, other dignitaries were present.

लोकमत समाचार

एक नजर..

अमरनाथ में स्वच्छता का जिम्मा नागपुर को

बाबा अमरनाथ गुफा का दृश्य.

नागपुर : अमरनाथ यात्रा-2024 की शुरुआत हो चुकी है. इस बार कचरा संकलन, परिवहन, प्रक्रिया और निस्तारण की जिम्मेदारी नागपुर के अर्बन एन्वायरो वेस्ट मैनेजमेंट को मिली. पहली बार है जब नागपुर के किसी संस्थान को यह गौरव हासिल हुआ. पर्यावरण संरक्षण के प्रति कृत संकल्प अर्बन एन्वायरो पूरे दो महीने तक यात्रा के दौरान अमरनाथ यात्रियों, दर्शनार्थियों की सेवा में कार्यरत रहेंगे. अर्बन एन्वायरो के कमलेश शर्मा ने बताया कि 700 कर्मचारियों का दल वेस्ट मैनेजमेंट के साथ ही यात्रियों की सेवा में भी दिन-रात लगा रहेगा. बाबा अमरनाथ की सेवा का मौका मिला है, उसे पूरी तरह निभाकर नागपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने का ध्येय रखा गया है. यात्रा का एंथम, लोगो, वेबसाइट, एप्प को श्रीनगर के राजभवन में शनिवार को राज्यपाल मनोज सिन्हा के हाथों लांच किया गया. इस दौरान अमरनाथ यात्रा श्राइन बोर्ड की सीईओ अनू मल्होत्रा, अर्बन एन्वायरो के कमलेश शर्मा आदि मौजूद थे.

दैनिक भास्कर
दौसा भास्कर 24-06-2024

अमरनाथ यात्रा में कूड़ा प्रबंधन में अहम भूमिका निभाएगी अर्बन एनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी

बांदीकुई | नागपुर की अर्बन एनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड को अमरनाथ यात्रा 2024 के लिए ठोस कचरे के प्रबंधन का महत्वपूर्ण ठेका मिला है। यह कंपनी सिर्फ कचरे को इकट्ठा करने और ले जाने का काम नहीं करेगी बल्कि उसका प्रसंस्करण भी करेगी ताकि कचरा पूरी तरह खत्म हो जाए (जीरो लैंडफिल) और पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे। ये यात्रा को पर्यावरण के लिहाज से बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। काबिलेगौर ये है कि इस कंपनी के प्रबंध निदेशक कमलेश शर्मा दिल्ली पब्लिक स्कूल बांदीकुई के मैनेजिंग ट्रस्टी हैं और बांदीकुई के ढोलका गांव के निवासी हैं।

प्रबंध निदेशक कमलेश शर्मा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के दौरान दोनों मुख्य मार्ग बालटाल और पहलगाम पर सफाई का जिम्मा संभालेगी। इसका मतलब है कि यात्रियों को साफ-सुथरा वातावरण मिलेगा। यही नहीं, कंपनी यात्रियों के लिए जरूरी सुविधाएं भी मुहैया कराएगी। कंपनी कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने का भी काम करेगी। साथ ही वे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर यात्रा के अनुभव को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी। उन्होंने बताया कि इस काम में 700 कर्मचारियों की टीम समर्पित भाव से जुटी जुटी है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक कमलेश शर्मा का कहना है कि यह हमारे लिए बहुत बड़ा सम्मान और भगवान शिव का आशीर्वाद है। हमारी 700 कर्मचारियों की टीम पूरी लगन से दिन-रात काम कर रही है ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो और उन्हें बेहतरीन सुविधाएं मिल सकें। 22 जून 2024 को श्रीनगर के राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य गणमान्य लोगों ने यात्रा का गान, लोगो, वेबसाइट और ऐप्स को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर सरकार के प्रतिनिधि और अर्बन कंपनी की समर्पित टीम भी मौजूद थी।